एक नवरत्न कंपनी

## अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से...




**1 फरवरी, 2026**

**प्रिय साथियो,**

जनवरी 2026 का महीना एनएचपीसी के लिए अत्यंत उल्लेखनीय रहा, जिसमें कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ दर्ज की गईं। सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना की यूनिट #3 और यूनिट #1 (प्रत्येक 250 मेगावाट) को क्रमशः 21 जनवरी 2026 और 31 जनवरी 2026 को सफलतापूर्वक राष्ट्रीय ग्रिड के साथ सिंक्रोनाइज़ किया गया। ये उपलब्धियाँ हमारी टीमों के अटूट समर्पण और उत्कृष्ट तकनीकी दक्षता का प्रमाण हैं।

माह के दौरान कई महत्वपूर्ण उच्चस्तरीय दौरों का आयोजन भी हुआ। 4 जनवरी 2026 को माननीय केंद्रीय विद्युत एवं आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल, विद्युत सचिव श्री पंकज अग्रवाल के साथ सलाल पावर स्टेशन का दौरा किया। माननीय मंत्री द्वारा सावलकोट जलविद्युत परियोजना का हवाई सर्वेक्षण किया गया तथा रतले जलविद्युत परियोजना का निरीक्षण करते हुए बांध कंक्रीटिंग कार्यों का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर उन्होंने परियोजनाओं के समयबद्ध निष्पादन पर विशेष बल दिया।

माननीय मंत्री ने पकल दुल (1000 मेगावाट), किरू (624 मेगावाट) एवं क्वार (540 मेगावाट) परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की तथा सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कठिन एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कार्य कर रहे एनएचपीसी एवं इससे जुड़े ठेकेदारों के प्रयासों की सराहना की।

मैंने 22 जनवरी 2026 से हिमाचल प्रदेश के परवाणू में विद्युत मंत्रालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय “चिंतन शिविर” में भाग लिया। इस कार्यक्रम में माननीय केंद्रीय विद्युत एवं आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह शिविर विद्युत क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श हेतु एक प्रभावी मंच सिद्ध हुआ, जिसमें सरकार, उद्योग एवं अन्य प्रमुख हितधारकों ने प्रतिभागिता की।

माह के दौरान मैंने एनएचपीसी की विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समय-समय पर समीक्षा की। हमें परियोजनाओं की प्रगति में और अधिक गति लाते हुए प्रमुख लक्ष्यों एवं मील-स्तंभों की समय पर प्राप्ति तथा परियोजनाओं के सफल कमीशनिंग हेतु समन्वित एवं निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता है।

मैं हमारे पावर स्टेशनों से भी आग्रह करता हूँ कि वे वार्षिक एवं पूंजीगत अनुरक्षण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करें तथा न्यूनतम डाउनटाइम सुनिश्चित करें, ताकि वित्तीय वर्ष के दौरान अधिकतम संभव विद्युत उत्पादन प्राप्त किया जा सके।

**माह की अन्य प्रमुख उपलब्धियाँ इस प्रकार हैं:**

- जनवरी 2026 में एनएचपीसी का कुल राजस्व ₹ 886.68 करोड़ रहा।

- जनवरी 2026 में कुल विद्युत उत्पादन 676 मिलियन यूनिट (एमयू) रहा, जबकि जनवरी 2026 तक का संचयी उत्पादन 21,203 एमयू दर्ज किया गया।

- टनकपुर पावर स्टेशन ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित अपनी डिज़ाइन ऊर्जा लक्ष्य 452.19 एमयू को 15 जनवरी 2026 को सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग ढाई माह पूर्व है।

- 27 जनवरी 2026 को निदेशक (परियोजनाएँ) श्री संजय कुमार सिंह ने ईटानगर में अरुणाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री पेमा खांडू की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लिया। बैठक में राज्य में एनएचपीसी की जलविद्युत परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। माननीय मुख्यमंत्री ने जलविद्युत विकास को राज्य की प्राथमिकता बताते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

- 12 जनवरी 2026 को निदेशक (कार्मिक) श्री उत्तम लाल ने आइज़ोल, मिज़ोरम में आयोजित कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय संबंधी विभागीय संसदीय स्थायी समिति की बैठक में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने सार्वजनिक शिकायत निवारण प्रणाली को सुदृढ़ बनाते हुए एनएचपीसी द्वारा की गई पहलों की जानकारी माननीय समिति को दी।

- संसदीय राजभाषा समिति की द्वितीय उप-समिति ने 19 जनवरी 2026 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन का निरीक्षण किया। समिति ने हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु एनएचपीसी द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की।

- कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व एवं सतत विकास पहलों के अंतर्गत, तीस्ता-V पावर स्टेशन द्वारा दक्षिण सिक्किम के लिंगी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को पब्लिक एड्रेस सिस्टम प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, सुबनसिरी अपर परियोजना द्वारा अरुणाचल प्रदेश के डंपोरिजो एवं मारो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को दो एंबुलेंस उपलब्ध कराई गईं।

- एनएचपीसी को 18वें एनर्शिया अवार्ड्स 2026 में "भारत की सर्वश्रेष्ठ वैश्विक जलविद्युत एवं नवीकरणीय ऊर्जा परिसंपत्ति धारक एवं परिचालन उद्यम" तथा आईपीपीएआई पावर अवार्ड्स 2026 में "सर्वश्रेष्ठ जलविद्युत विकासकर्ता (सार्वजनिक क्षेत्र)" के रूप में सम्मानित किया गया। ये सम्मान जलविद्युत एवं नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में एनएचपीसी के नेतृत्व और उत्कृष्टता को पुनः स्थापित करते हैं।

- क्षमता निर्माण एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में, एनएचपीसी की विप्स सेल द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू में "महिला नेतृत्व एवं सशक्तिकरण" विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिससे समावेशी विकास एवं सकारात्मक कार्य वातावरण को बढ़ावा मिला।

- देश का 77वां गणतंत्र दिवस एनएचपीसी के सभी कार्यालयों एवं परियोजनाओं में देशभक्ति के उत्साह के साथ मनाया गया, जिसने राष्ट्र, सतत विकास एवं जनसेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ किया।

- 28 से 31 जनवरी 2026 तक ऋषिकेश में आयोजित 31वीं अंतर-सीपीएसयू शतरंज प्रतियोगिता में एनएचपीसी ने व्यक्तिगत महिला वर्ग में स्वर्ण पदक तथा महिला टीम स्पर्धा में रजत पदक प्राप्त कर संगठन का गौरव बढ़ाया।

- एनएचपीसी ने 27 से 29 जनवरी 2026 तक शिलांग में आयोजित 15वीं इंटर सीपीएसयू एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लिया तथा ट्रैक, फील्ड एवं रिले स्पर्धाओं में 1 स्वर्ण, 10 रजत एवं 6 कांस्य सहित कुल 17 पदक अर्जित कर संगठन का नाम गौरवान्वित किया।

पावन पर्व महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर, मैं आप सभी एवं आपके परिवारजनों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ।

आपका,

भूपेन्द्र गुप्ता

**(भूपेन्द्र गुप्ता)**
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**

A Navratna Company

Great Place To Work Certified FEB 2025-FEB 2026 INDIA

# From CMD's Desk…




**1st February, 2026**

**Dear Colleagues,**

The month of January 2026 has been remarkable for NHPC, marked by significant achievements. Unit # 3 and Unit #1, 250 MW each of Subansiri Lower Hydroelectric Project were successfully synchronized with the National Grid on 21st January and 31st January 2026. These achievements are testament to the unwavering dedication and technical expertise of our teams.

January also witnessed significant high-level visits. On 4th January 2026, Shri Manohar Lal, Hon'ble Union Minister for Power and Housing & Urban Affairs, accompanied by Shri Pankaj Agarwal, Secretary (Power) visited Salal Power Station. Hon'ble Minister also conducted an aerial survey of Sawalkote H.E. Project and visited Ratle Hydroelectric Project, where he laid the foundation stone for dam concreting works, emphasizing timely execution.

Further, Hon'ble Minister reviewed the progress PakalDul (1000 MW), Kiru (624 MW) and Kwar (540 MW) Projects and directed to complete these projects timely. Hon'ble Minister appreciated the efforts of NHPC and Contractors working under challenging conditions.

I participated in two days "Chintan Shivir" organized by the Ministry of Power from 22nd January 2026 at Parwanoo, H.P. The event was graced by Shri Manohar Lal, Hon'ble Union Minister for Power and Housing & Urban Affairs. It served as platform for in-depth deliberation on key aspect of Power Sector, bringing together government officials, industry leaders and key stake holders.

During the month, I reviewed the progress of our under-construction projects from time to time. We need to expedite the progress and make all out efforts for timely achievement of key milestones and commissioning of projects.

I also urge our Power Stations to complete Annual and Capital maintenance works within scheduled time line and ensure minimum downtime so as to achieve maximum possible generation during the financial year.

**Other major highlights of the month are:**

- In January 2026, NHPC's monthly revenue stood at Rs.886.68 crore.

- The total generation for the month of January 2026 was 676 MU and cumulative generation up to January 2026 was 21203 MU.

- Tanakpur Power Station successfully achieved its Design Energy Target of 452.19 MU for FY 2025-26 on 15th January 2026, nearly 2.5 months ahead of last year.

- Shri Sanjay Kumar Singh, Director (Projects), attended a review meeting chaired by Shri Pema Khandu, Hon'ble Chief Minister of Arunachal Pradesh in Itanagar on 27.01.2026. The meeting focused review of progress of NHPC's hydroelectric projects in the State. Hon'ble Chief Minister assured full support, emphasizing the State's strong focus on hydropower development.

- Shri Uttam Lal, Director (Personnel) participated in the meeting of the Department-related Parliamentary Standing Committee on Personnel, Public Grievances, Law and Justice held at Aizawl, Mizoram on 12th January 2026. Director (Personnel) briefed the Hon'ble Committee on NHPC's initiatives for effective redressal of grievances by strengthening the public grievance redressal system.

- The Second Sub-Committee of the Parliamentary Committee on Official Language conducted an inspection of Rajbhasha implementation at NHPC Corporate Office, Faridabad on 19th January 2026. The Committee appreciated NHPC's initiatives in promoting Hindi.

- Under CSR & Sustainable Development initiatives, Teesta-V Power Station provided a Public Address System to Government Senior Secondary School, Lingee, South Sikkim and Subansiri Upper Project provided two ambulances to Community Health Centres at Dumporijo and Maro, Arunachal Pradesh.

- NHPC was honored as India's Best Global Hydropower & Renewable Energy Asset Holding & Operating Enterprise at the 18th ENERTIA Awards 2026 and as Best Hydropower Developer (Public) at the IPPAI Power Awards 2026. These accolades reaffirm NHPC's leadership and excellence in hydropower and renewable energy.

- Under Capacity Building & Women Empowerment initiatives, NHPC WIPS Cell organized a two-day training programme on "Women Leadership and Empowerment" at Regional Office, Jammu, promoting inclusive growth and a positive work environment.

- 77th Republic Day of India was celebrated across NHPC offices and projects with patriotic fervour, reaffirming our commitment to the nation, sustainable development and public service.

- NHPC secured Gold in the Individual Women Category and Silver in the Women’s Team Event at the 31st Inter CPSU Chess Tournament held at Rishikesh from 28 - 31 January 2026, bringing pride and laurels to the organization.

- NHPC participated in 15th Inter CPSU Athletics Tournament held from 27-29 January 2026 at Shillong and secured impressive tally of 17 medals – 1 Gold, 10 Silver and 6 Bronze across track, field and relay events, bringing pride and laurels to the organization.

As we approach the auspicious occasion of MahaShivratri, I extend my warmest greetings to each one of you and your families.

Sincerely Yours,

**(Bhupender Gupta)**
**Chairman & Managing Director**

@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited